**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY TO CONDUCT SERIES OF ACTIVITIES TO PROMOTE "HAR GHAR TIRANGA" CAMPAIGN

**FARIDABAD(TIT NEWS):** To make the students aware about the significance of observing the "Har Ghar Tiranga" Campaign, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has planned a series of activities. Also, the University will organize a "Run for Trianga" on August 4, 2022 to ensure the large publicity of the campaign. It was decided in a meeting held under the chairmanship of Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar. The meeting was attended by all the deans, Chairpersons and senior officials of the University. Registrar Dr. S.K. Garg was also present on this occasion. Addressing the meeting, the Vice-Chancellor Prof. Tomar said that the State Govt. has decided to celebrate Independence Day as a festival from August 13 to 15, 2022 and promote the "Har Ghar Trianga" Campaign in the State of Haryana. The Vice-Chancellor Prof. Tomar said that "Har Ghar Tiranga" is a unique campaign, as it envisages Prime Minister Sh. Narendra Modi's dream of invoking the feeling of patriotism among the citizens along with promoting awareness about the national flag. Highlighting the need and importance of celebrating the national initiative of "Azaadi Ka Amrit Mohatsav", he spoke about the significance of observing "Har Ghar Tiranga" Campaign. To ensure the compliance of "Har Ghar Trianga" and to make it successful, he asked to conduct series of activities and to ensure the maximum participation of students. It was apprised in the meeting that the volunteers from the Department Communication and Media Technology will conduct an awareness class-wise drive to make the students aware about the campaign. Also, the activities like Nukkar Natak, Campus Rally, Selfie with Tricolour.



Recognised by UGC under Section 2 (f) & 12 (B) of UGC Act, 1956 | Accredited 'A' Grade by NAAC

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# THE TRIBUNE

## TRIBUTES PAID TO KARGIL MARTYRS

**Faridabad:** To commemorate the 23rd anniversary of Kargil Vijay Diwas, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, organised a programme to pay tribute to soldiers who fought the Kargil War and laid their lives. According to a university official, students and staff assembled at the University War Heroes' Memorial and paid floral tributes to the war heroes. The programme was organised by the NSS Cell of the university, which was coordinated by Director Youth Welfare Dr Pradeep Dimri.

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# AAJ SAMAJ

# परिणाम आधारित समझौतों पर विश्वविद्यालय का विशेष फोकस : कुलपति प्रो. तोमर

- जेसी बोस विश्वविद्यालय और हीरो मोटरकॉर्प के बीच समझौता
- विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑन-जॉब-ट्रेनिंग के अवसर देगी कंपनी

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज अपने कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट (सीसीएसडी) के अंतर्गत पढ? वाले छात्रों को दोपहिया प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए प्रमुख दुपहिया वाहन निमार्ता कंपनी हीरो मोटरकॉर्प के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए।

समझौते के अंतर्गत हीरो मोटरकॉर्प द्वारा विश्वविद्यालय के बी.वोक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्रों को ऑन-जॉब-ट्रेनिंग (ओजेटी) प्रदान करेगी। समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और हीरो मोटोकॉर्प की ओर से हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा प्लांट के प्रमुख वेंकटरमण गणेशन ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कम्युनिटी कालेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल, डीन (आर एंड डी) प्रो राजेश कुमार आहूजा, हीरो मोटोकॉर्प (धारूहेड़ा प्लांट) के मानव संसाधन प्रमुख श्री धर्म रक्षित और हीरो मोटोकॉर्प गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख श्री सुधांशु पाधी भी उपस्थित थे। समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय ने हमेशा छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए उद्योग एवं शैक्षणिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प ऑटोमोटिव उद्योग में एक जाना-पहचाना नाम है और इस समझौते के तहत छात्रों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण से लाभ होगा।



समझौते का आदान-प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर तथा हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा प्लांट के प्रमुख श्री वेंकटरमण गणेशन।

कुलपति ने हीरो मोटोकॉर्प के अधिकारियों से आग्रह किया कि छात्रों को न केवल उद्योग के लिए तैयार किया जाये बल्कि उनकी रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने का अवसर भी दिया जाये, जिसका हीरो मोटोकॉर्प के अधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा परिणाम आधारित समझौतों पर बल दिया जा रहा है और आशा जताई कि यह समझौता परिणाम आधारित होगा जोकि उनके कार्यकाल का पहला अकादमिक समझौता है। इससे पहले डॉ. संजीव गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें कम्युनिटी कालेज द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज सभी कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल करने और इन पाठ्यक्रमों के साथ उद्योगों को लगातार जोड़ने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए वेंकटरमन ने कहा कि उद्योगों द्वारा युवाओं को कौशल प्रदान करके और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करके राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी और अग्रणी निमार्ता कंपनी है।

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# HADOTI ADHIKAR

# जे.सी. बोस विवि और हीरो मोटरकॉर्प के बीच समझौता

## - विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑन-जॉब-ट्रेनिंग के अवसर देगी कंपनी

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 27 जुलाई। विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने आज अपने कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट (सीसीएसडी) के अंतर्गत पढ़ने वाले छात्रों को दोपहिया प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए प्रमुख दुपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटरकॉर्प के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए।



समझौते के अंतर्गत हीरो मोटरकॉर्प द्वारा विश्वविद्यालय के बी.वोक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्रों को ऑन-जॉब-ट्रेनिंग (ओजेटी) प्रदान करेगी। समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और हीरो मोटोकॉर्प की ओर से हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा प्लांट के प्रमुख श्री वेंकटरमण गणेशन ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कम्युनिटी कालेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल, डीन (आर एंड डी) प्रो राजेश कुमार आहूजा, हीरो मोटोकॉर्प (धारूहेड़ा प्लांट) के मानव संसाधन प्रमुख धर्म रक्षित और हीरो मोटोकॉर्प गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख सुधांशु पाधी भी उपस्थित थे।

समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय ने हमेशा छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए उद्योग एवं शैक्षणिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प ऑटोमोटिव उद्योग में एक जाना-पहचाना नाम है और इस समझौते के तहत छात्रों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण से लाभ होगा। कुलपति ने हीरो मोटोकॉर्प के अधिकारियों से आग्रह किया कि छात्रों को न केवल उद्योग के लिए तैयार किया जाये बल्कि उनकी रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने का अवसर भी दिया जाये, जिसका हीरो मोटोकॉर्प के अधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा परिणाम आधारित समझौतों पर बल दिया जा रहा है और आशा जताई कि यह समझौता परिणाम आधारित होगा जोकि उनके कार्यकाल का पहला अकादमिक समझौता है।

इससे पहले डॉ. संजीव गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें कम्युनिटी कालेज द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी दी।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# PIONEER

## विद्यार्थियों को ऑन-जॉब-ट्रेनिंग का मिलेगा अवसर

### परिणाम आधारित समझौतों पर विश्वविद्यालय का विशेष फोकस : कुलपति प्रो. तोमर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एमओयूओ साइन करते हीरोमोटर कॉर्प के प्रमुख वेंकटरमण और विद्यालय के कुलपति प्रो. एसके तोमर।

**विद्यार्थियों** को औद्योगिक प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने बुधवार को अपने कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट (सीसीएसडी) के अंतर्गत पढ़ने वाले छात्रों को दोपहिया प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए प्रमुख दुपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटरकॉर्प के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अंतर्गत हीरो मोटरकॉर्प द्वारा विश्वविद्यालय के बीवोक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्रों को ऑन-जॉब-ट्रेनिंग (ओजेटी) प्रदान करेगी।

समझौते पर विवि की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और हीरो मोटोकॉर्प की ओर से हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा प्लांट के प्रमुख वेंकटरमण गणेशन ने हस्ताक्षर किये। कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल, डीन (आरएंडडी) प्रो राजेश कुमार आहूजा, हीरो मोटोकॉर्प (धारूहेड़ा प्लांट) के मानव संसाधन प्रमुख श्री धर्म रक्षित और हीरो मोटोकॉर्प गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख सुधांशु पाधी भी उपस्थित थे।

समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कहा कि विवि ने हमेशा छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए उद्योग एवं शैक्षणिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प ऑटोमोटिव उद्योग में एक जाना-पहचाना नाम है और इस समझौते के तहत छात्रों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण से लाभ होगा। कुलपति ने हीरो मोटोकॉर्प के अधिकारियों से आग्रह किया कि छात्रों को न केवल उद्योग के लिए तैयार किया जाये बल्कि उनकी रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने का अवसर भी दिया जाये, जिसका हीरो मोटोकॉर्प के अधिकारियों ने स्वागत किया।

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय और हीरो मोटरकॉर्प के बीच समझौता

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑन-जॉब-ट्रेनिंग का अवसर देगी कंपनी

फरीदाबाद, 27 जुलाई (पूजा शर्मा): विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज अपने कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट (सीसीएसडी) के अंतर्गत पढ़ने वाले छात्रों को दोपहिया प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए प्रमुख दुपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटरकॉर्प के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए।



*समझौते के दस्तावेज का आदान प्रदान कुलपति प्रो. एस.के. तोमर तथा हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा प्लांट के प्रमुख वेंकटरमण गणेशन। साथ में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डॉ. संजीव गोयल तथा हीरो मोटोकॉर्प के अन्य अधिकारी। (छाया: एस शर्मा)*

समझौते के अंतर्गत हीरो मोटरकॉर्प द्वारा विश्वविद्यालय के बी.वोक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्रों को ऑन-जॉब-ट्रेनिंग (ओजेटी) प्रदान करेगी। समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और हीरो मोटोकॉर्प की ओर से हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा प्लांट के प्रमुख श्री वेंकटरमण गणेशन ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कम्युनिटी कालेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल, डीन (आर एंड डी) प्रो राजेश कुमार आहूजा, हीरो मोटोकॉर्प (धारूहेड़ा प्लांट) के मानव संसाधन प्रमुख श्री धर्म रक्षित और हीरो मोटोकॉर्प गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख श्री सुधांशु पाधी भी उपस्थित थे।

समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय ने हमेशा छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए उद्योग एवं शैक्षणिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प ऑटोमोटिव उद्योग में एक जाना-पहचाना नाम है और इस समझौते के तहत छात्रों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण से लाभ होगा। कुलपति ने हीरो मोटोकॉर्प के अधिकारियों से आग्रह किया कि छात्रों को न केवल उद्योग के लिए तैयार किया जाये बल्कि उनकी रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़नेका अवसर भी दिया जाये, जिसका हीरो मोटोकॉर्प के अधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा परिणाम आधारित समझौतों पर बल दिया जा रहा है और आशा जताई कि यह समझौता परिणाम आधारित होगा जोकि उनके कार्यकाल का पहला अकादमिक समझौता है। इस अवसर पर वेंकटरमन ने कहा कि युवाओं की रोजगार क्षमता को कौशल निर्माण के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है जोकि राष्टीय प्राथमिकता का विषय है और इस दिशा में कंपनी उद्योग-अकादमिक सहयोग के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या से निपटने में सहयोग दे रही है। हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा प्लांट के मानव संसाधन प्रमुख धर्म रक्षित ने कहा कि कंपनी न केवल छात्रों को नौकरी एवं प्रशिक्षण प्रदान करेगी बल्कि उन्हें समग्र विकास का अवसर भी देगी।

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस करेगा 'रन फार तिरंगा' का आयोजन

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत होगा श्रृंखलाबद्ध गतिविधियों का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**'हर घर तिरंगा'** अभियान के महत्व को लेकर जागरुकता लाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा श्रृंखलाबद्ध गतिविधियों की योजना बनाई है। साथ ही, विश्वविद्यालय अभियान के व्यापक प्रचार के लिए 4 अगस्त को 'रन फार तिरंगा' का आयोजन करेगा। यह निर्णय कुलपति प्रो. एसके तोमर की अध्यक्षता में सभी सभी डीन, विभागाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिकारी की बैठक में लिया गया। बैठक में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि राज्य सरकार ने 13 से 15 अगस्त, 2022 तक स्वतंत्रता दिवस को उत्सव के रूप में मनाने और हरियाणा में 'हर घर तिरंगा' अभियान को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है।



**जेसी बोस में आयोजित बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो एसके तोमर।**

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शुरू किये गये इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि हर घर तिरंगा एक अनूठा अभियान है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरुकता लाने तथा देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय श्रृंखलाबद्ध रूप से गतिविधियों का आयोजन करेगा, जिसमें छात्रों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के वालंटियर अभियान के प्रति संवेदनशीलता लाने के लिए कक्षावार अभियान चलाएंगे। इसके अलावा, नुक्कड़ नाटक, कैंपस रैली, सेल्फी विद तिरंगे, ओपन माइक इवेंट और पिक्चर एग्जीबिशन जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग 'मेरा तिरंगा' के साथ हैशटैग अभियान भी चलाएगा।

प्रो. तोमर ने छात्रों और कर्मचारियों से देश के स्वतंत्रता दिवस के 75वें महोत्सव के अवसर पर गर्व से राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस अभियान के माध्यम से लोगों को घरों में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल घरों में तिरंगा फहराने तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वाहनों में भी तिरंगा लगाने का हर संभव प्रयास किया जाये। उन्होंने कहा कि इस अभियान को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाना चाहिए।

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# AMAR UJALA

## विवि के छात्र हीरो मोटरकॉर्प में लेंगे प्रशिक्षण

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय के छात्र हीरो मोटरकॉर्प में प्रशिक्षण लेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय ने हीरो मोटरकॉर्प के साथ करार किया। विवि के कम्युनिटी कॉलेज फॉर स्किल डेवलपमेंट (सीसीएसडी) के छात्र दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी की कार्यशैली जानेंगे। हीरो मोटरकॉर्प विश्वविद्यालय के बी.वोक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्रों को ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) प्रदान देगी। विवि के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और हीरो मोटोकॉर्प की ओर से हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा प्लांट के प्रमुख वेंकटरमण गणेशन ने हस्ताक्षर किया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# AMAR UJALA

## संस्कृति और प्रकृति संरक्षण पर दिया जोर

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विवि के कुलपति प्रो. तोमर ने विवि में पौधरोपण कर संस्कृति और प्रकृति संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति है। इसकी जड़े संस्कृति में बहुत गहरी हैं। भारतीय संस्कृति में सैकड़ों पेड़ पवित्र माने गए हैं।

पौधरोपण कार्यक्रम के लिए सामाजिक कार्यकर्ता और विश्व प्रकाश मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन राकेश सेठी मुख्य अतिथि रहे। विवि के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष डॉ. रेणुका गुप्ता, डिप्टी डीन डॉ. अनुराधा मौजूद रहे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# HINDUSTAN

## चार अगस्त को रन फॉर तिरंगा कार्यक्रम होगा

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर चार अगस्त को रन फॉर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. एसके तोमर की अध्यक्षता में सभी सभी डीन्न, विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में बुधवार को ये फैसला लिया गया है।

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# DAINIK JAGRAN

## हीरो मोटोकार्प के साथ किया समझौता

जासं, फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय ने कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलपमेंट (सीसीएसडी) के तहत दोपहिया प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्रों को प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने उद्देश्य से हीरो मोटरकार्प से समझौता हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत हीरो मोटरकार्प विश्वविद्यालय के बी.वोक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्रों को आन-जाब-ट्रेनिंग (ओजेटी) प्रदान करेगी। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डा.एसके गर्ग और हीरो मोटोकार्प की ओर से धारूहेड़ा प्लांट के प्रमुख वेंकटरमण गणेशन ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान कम्युनिटी कालेज के प्राचार्य डा.संजीव गोयल, डीन (आरएंडडी) प्रो.राजेश कुमार आहूज, एचआर प्रमुख धर्म रक्षित और गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख सुधांशु पाधी भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:28.07.2022**

# NAVBHARAT TIMES

# नए कोर्स से छात्रों को मिलेगी राहत 5 तक कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

## 23 से 27 अगस्त तक होंगे एंट्रेंस टेस्ट, देनी होगी फीस

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

सीबीएसई, एचबीएसई, आईएससीई बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया है। रिजल्ट जारी होने के बाद बारहवीं कक्षा के स्टूडेंट्स के लिए कॉलेजों में दाखिले की दौड़ शुरू हो गई है। जिले के ज्यादातर कॉलेज एमडीयू से संबंधित है, वहीं दो यूनिवर्सिटी और कुछ प्राइवेट कॉलेज हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से शेड्यूल जारी कर दिया गया है वहीं कुछ कॉलेजों की सीटों में भी बढ़ोतरी की गई है। विभाग ने जिले के कॉलेजों में यूजी तथा पीजी सीटों को बढ़ाया है वहीं कुछ कॉलेजों में नए कोर्स की शुरुआत भी हुई है जिससे स्टूडेंट्स को काफी फायदा मिलेगा।

### इन कोर्स की हुई है शुरुआत

उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार खेड़ी गुजरान स्थित राजकीय कॉलेज में 60 सीटों के साथ एमकॉम की शुरुआत की गई है। कॉलेज के प्रिंसिपल सुनील शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय को एमकॉम का कोर्स आवंटित किया गया जिसमें 60 सीटों की अनुमति दी गई। पिछले वर्ष सरकार द्वारा इनमें साइकोलॉजी का पाठ्यक्रम शुरू किया गया था। राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-16 में 40 सीटों के साथ बीसीए तथा 60 सीटों के साथ एमकॉम की शुरुआत की गई है। एमकॉम कॉलेज में शुरू होने वाला पहला मास्टर्स कोर्स है। राजकीय कॉलेज फरीदाबाद में 60 सीटों के साथ बीए ज्योग्राफी ऑनर्स की शुरुआत की गई है। इसके अलावा बल्लभगढ़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में बीएससी आईटी कोर्स में सीटों में इजाफा किया गया है। सीटों को बढ़ाकर 80 कर दिया गया है।

### अब देनी होगी आवेदन फीस

इस बार छात्राओं के अलावा अनुसूचित छात्रों को 50 रुपये आवेदन फीस देनी होगी। अब से पहले इस कैटेगिरी के लिए निशुल्क आवेदन था। अन्य वर्ग के लिए आवेदन फीस शुल्क 100 रुपये रखी गई है।

### एडमिशन एलिजिबिलिटी

ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन लेने के लिए उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से 12वीं कक्षा में कम से कम 45% अंक प्राप्त होने चाहिए।पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन लेने के लिए उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री होनी जरूरी है। साथ ही कम से कम 45% अंक प्राप्त होना जरूरी हैं।



### कई कॉलेजों में शुरू हुए हैं नये कोर्स

| कॉलेजों के नाम | सीटें | कोर्स |
|---|---|---|
| राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-16 | 640 | बीए, बीकॉम, बीजेएमसी, बीबीए, बीएससी नॉन मेडिकल, बीटीटीएम |
| राजकीय कन्या महाविद्यालय, नचौली | 240 | बीए, बीकॉम |
| राजकीय महाविद्यालय, खेड़ी गुजरान | 320 | बीए, बीकॉम |
| श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय | 700 | बीए, बीकॉम, बीएससी |
| नेहरू कॉलेज, सेक्टर-16 | 2080 | बीएससी मेडिकल, बीएससी नॉन मेडिकल, बीएससी बायोटेक, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी केमिस्ट्री ऑनर्स, बीसीए, बीए, बीए इंग्लिश ऑनर्स, बीए हिस्ट्री ऑनर्स बीए साइकोलॉजी ऑनर्स, बीए ईको ऑनर्स, बीए ईवनिंग, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए, बीकॉम। |
| डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, एनआईटी-3 | 1760 | बीए, बीकॉम, बीएससी, बीवॉक, बीएजेएमसी, बीसीए, बीबीए। |
| केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज, एनआईटी | 1310 | बीए, बीकॉम, बीएससी नॉन मेडिकल , होम साइंस, मेडिकल, बीसीए, बीबीए |
| जेसी बोस यूनिवर्सिटी, मथुरा रोड | 1655 | बीटेक, बीएससी एनिमेशन और मल्टीमीडिया लाइफ साइंस, केमिसट्री, बीकॉम आनर्स, बीए जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, बीवॉक |
| नेहरु कॉलेज, सेक्टर-16 | 480 | एमए इंग्लिश, हिंदी, इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, साइकोलॉजी, एमकॉम, एमसी मैथ्स, सीएस |
| राजकीय महिला महाविद्यालय | 60 | एमकॉम |
| राजकीय महाविद्यालय, खेड़ी गुजरान | 60 | एमए साइकोलॉजी |
| केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वीमेन | 230 | एमए इकोनॉमिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स, पॉलिटिकल साइंस, एमकॉम |
| डीएवी शताब्दी महाविद्यालय | 240 | एमए इंग्लिश, एमएससी, एमकॉम |
| जेसी बोस यूनिवर्सिटी | 741 | एमटेक, एमबीए, एमएससी, एमए इंग्लिश |



### दस्तावेज

- परिवार पहचान-पत्र
- आधार कार्ड
- माइग्रेशन सर्टिफिकेट
- पासपोर्ट साइज फोटो
- बैंक संबंधित दस्तावेज

- राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-16 में 40 सीटों के साथ बीसीए तथा 60 सीटों के साथ एमकॉम की शुरुआत की गई है

### पीजी एडमिशन शेड्यूल

- 20 जुलाई से 5 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
- 23 से 27 अगस्त तक एंट्रेंस टेस्ट
- 27 से 31 अगस्त तक रिजल्ट घोषित
- 5 सितंबर को पहली मेरिट लिस्ट
- 5 सितंबर से 7 सितंबर तक फीस भुगतान के लिए मौका मिलेगा
- 12 सितंबर को दूसरी मेरिट लिस्ट
- 12 सितंबर से 14 सितंबर तक फीस भुगतान के लिए मौका मिलेगा
- 15 सितंबर से क्लासेज शुरु